दैनिक भास्कर

14-Jan-2020
Page 4

असम राज्य की भाषा 'असमिया' के संबंध में संगोष्ठी

सवाई माधोपुर। शहीद कैप्टन रिपुदमन सिंह राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय सवाई माधोपुर में राष्ट्रीय सेवा योजना के तत्वावधान में 'एक भारत श्रेष्ठ भारत' के तहत कार्यक्रम का आयोजन किया गया। महाविद्यालय में एक भारत श्रेष्ठ भारत क्लब के समन्वयक एवं सचिव प्रो. प्रेम सोनवाल ने बताया कि राजस्थान के साझेदार राज्य असम की भाषा 'असमिया' के बारे में एक संगोष्ठी का आयोजन किया गया। राष्ट्रीय एकता में भाषा का महत्वपूर्ण योगदान होता है और एक दूसरे क्षेत्र की भाषा सीखने ने राष्ट्रीयता का विकास होता है। जिला समन्वयक राष्ट्रीय सेवा योजना डॉ. हरिचरण मीना ने बताया कि भाषा का विकास क्षेत्र के अनुसार होता है।